(b) what will be the Ideations of Consular Offices in South Africa and India; and

(c) by when full-fledged diplomatic relationship with Johansberg will be established?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI FJDUARDO FALEIRO): (a) to to (c) The Government of India are consistantly monitoring the situation in South Africa. The establishment of consular and diplomatic relations with that country mil depend on how soon the process of the dismantlement of apartheid, can toe deemed to have become irreversible and the progress towards the establishment of an interim government in South Africa.

Indian and package for Bhutan

16. MISS SAROJ KHAPARDE; Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether any Indian Aid Package was finalised for the Government of Bhutan recently and

(b) if so, what arc the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI EDUARDO FALEIRO): (a) No, bir. The Indian Aid Package for Bhutan's 7th Five Year Plan (1992-97) has not yet been finalised.

(b) Does not arise.

नये पारपत्र कार्यालयों का खोला जाना

17. श्री अजीत जोगी :

कुमारी आलिया :

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में वर्ष 1992–93 के दौरान राज्य-वार कितने नये पारपत्र कार्यालय खोले जाने का विचार है; और

(ख) ये कार्यालय किन-किन स्थानों पर खोले जायेंगे ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री एडुआर्डो फेलेरियो : (क) और (ख) नए पासपोर्ट कार्यालय खोलने का प्रस्ताव विचाराधीन है। उनकी संख्या, स्थान और समय उपलब्ध अतिरिक्त वित्त और जनशक्ति संसाधनों पर निर्भर करेगा।

मंगोलिया में भारतीय सांस्कृतिक केन्द्र खोला जाना

18. श्री अजीत सिंह जोगी :

कुमारी आलिया :

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मंगोलिया की राजधानी उलान बटोर में एक भारतीय सांस्कृतिक केन्द्र खोला गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार अन्य देशों में भी ऐसे केन्द्र खोलने का विचार रखती है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फेलेरियो) : (क) और (ख) जी हां। मंगोलिया की सरकार ने राजधानी उलान बटोर में एक भारतीय सांस्कृतिक केन्द्र खोला है। उलान बटोर में भारतीय सांस्कृतिक केन्द्र की स्थापना का प्रस्ताव मंगोलियाई संस्कृति एवं कला विकास समिति के अध्यक्ष ने इस बात को ध्यान में रखते हुए पेश किया था कि मंगोलिया के लोगों में भारत और भारतीय लोगों के बारे में, उसकी परम्प और संस्कृति को जानने की बड़ी ललक उत्साह और रूचि है। भारत सरकार'

ने भारतीय संस्कृति के माध्यम से यह आश्वासन दिया था कि वह पुस्तकों तथा दृश्य-श्रव्य सामग्री के उपहार के रूप में इस केन्द्र को सहायता देगा।

(ग) और (घ) अन्य देशों से अगर इस तरह के भारतीय सांस्कृतिक देशों के प्रस्ताव आते हैं तो भारत सरकार उनपर यथोचित विचार करेगी।

अमरीका में वायस ऑफ खालिस्तान नामक कार्यक्रम

19. डा० रत्नाकर पाण्डेय : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि अमरीका में "वायस ऑफ खालिस्तान" नाम से रेडियो कार्यक्रम प्रसारित किये जा रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फेलोरियो) : (क) और (ख) सरकार को यह सूचना मिली थी कि अमरीका में तथाकथित "वाइस ऑफ खालिस्तान" के नाम से रेडियो कार्यक्रम प्रसारित किए जा रहे हैं। सरकार ने इस मामले को तत्काल अमरीकी सरकार के साथ उठाया। अमरीका के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार इस प्रसारण को समाप्त कर दिया गया है।

Visits organised by Indian Council for Cultural Relations

20. OHOWDHRY HARI SINGH Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether the Ministry through the Indian Council for Cultural Relations arranges for exchanges of visits of scholars and artists in the fields of music and other fine arts, between India and other countries with which it has cultural exchange agreements;

(b) if so, the procedure followed by the council for selecting scholars and artists for visits to those countries which are meant for cultural exchange purposes; and

(c) whether these programmes are advertised and applications are invited from interested scholars and artists?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI EDUARDO FALEERO): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Reciprocal visits of scholars and artists are finalised under the relevant Cultural Exchange Programmes with the approval of the concerned authorities of the ICCR, after consultation with the Indian Mission and the host agencies in the country being visited.

विदेशों के साथ किए गए करारों का द्विभाषी-प्रकाशन

21. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विदेशों के साथ किये गये करारों से सम्बन्धित पत्रों को द्विभाषी रूप में जारी किया जाता है; और

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुआर्डो फैलोरियो) : (क) और (ख) नियमतः यह मंत्रालय विदेशी देशों के साथ किए गए सभी करारों पर हिन्दी के साथ-साथ अंग्रेजी और सम्बन्धित देश की भाषा यदि उसकी भाषा अंग्रेजी नहीं है, में हस्ताक्षर करता है।

हाल ही में हमने कई विदेशी देशों के साथ करार किए हैं जिनमें चीन, मंगोलिया, माल्टा, कोरिया गण-राज्य, कजाकस्तान, किरगीजिस्तान, उक्रेन, तुर्कमेनिस्तान, अजरबेजान, उजबेकिस्तान, माकस, सेशल्स तथा रवांडा शामिल है। इन पर हिन्दी में भी हस्ताक्षर कए गए थे।